
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



इश्कनामा है खुद को बेहतर बनाने का मौका : शहनाज गिल

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 149 | MONDAY DATE 22-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक ही दिन में 2,000 गड्ढों की मरम्मत करवाई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने रविवार को फील्ड स्टाफ और रखरखाव टीमों के नेतृत्व में शहर भर में एक ही दिन में 2,000 से अधिक गड्ढों की मरम्मत करवाई।

विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, 1 जनवरी से 4 जून, 2026 के बीच पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर 14,757 गड्ढे चिह्नित किए गए थे, जिनमें से 12,762 गड्ढों की मरम्मत पहले ही की जा चुकी थी।



प्रवेश वर्मा ने बताया कि मानसून से पहले शेष चिह्नित स्थानों की मरम्मत के लिए, पीडब्ल्यूडी ने रविवार को शहर भर में 2,000 से अधिक गड्ढों को भरने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। मंत्री ने कहा कि पीडब्ल्यूडी गड्ढों और सड़क रखरखाव से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए पूरे वर्ष सतर्क रहता है। मानसून के आगमन के साथ, हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि बारिश शुरू होने से पहले सड़कें सर्वोत्तम संभव स्थिति में हों।

उन्होंने कहा कि आज का विशेष अभियान इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दिल्ली भर में 2,000 से अधिक चिन्हित गड्ढों की मरम्मत की जा रही है ताकि बरसात के मौसम में यात्री सुरक्षित और आराम से यात्रा कर सकें।

इससे पहले, भारी बारिश शुरू होने से पहले, राजधानी भर में इंजीनियरों, फील्ड स्टाफ और रखरखाव टीमों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित गड्ढों की मरम्मत के लिए तैनात किया गया था।

प्रवेश वर्मा ने व्यक्तिगत रूप से कई स्थानों पर मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया और विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की। रविवार होने के बावजूद, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए मौके पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### केरल में अंग तस्करी की परतें खोलने के लिए ईडी की बड़ी कार्रवाई

**कोच्चि, यूटर्न/ 21 जून ।** केरल में अवैध अंग तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौ स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए और आरोपियों से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। ईडी के कोच्चि जोनल कार्यालय ने 18 जून को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत यह कार्रवाई की। जांच के दायरे में केरल में फैला बड़े पैमाने का अवैध अंग तस्करी नेटवर्क और एनार्कुलम के अस्पतालों में हुए अवैध अंग प्रत्यारोपण शामिल हैं। ईडी ने बताया कि अवैध अंग व्यापार को बढ़ावा देने वाले एजेंटों और बिचौलियों के बैंक खातों को भी फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए हैं। आरोपियों और उनसे जुड़ी संस्थाओं के बैंक खातों की जानकारी जुटाई गई है और अब यह जांच की जा रही है कि अवैध कमाई का पैसा कहां-कहां और कैसे इस्तेमाल किया गया।

### दिल्ली के सुल्तानपुरी में शराब की दुकान में भीषण आग, एक दमकलकर्मी घायल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।** दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में शनिवार रात एक शराब की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग दुकान के भूतल पर लगी और देखते ही देखते पहली मंजिल तक फैल गयी। इस मंजिल पर दुकान का गोदाम बना हुआ था। सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों ने तुरंत बचाव और आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया। इस अभियान के दौरान दुकान के अंदर एक दमकलकर्मी घायल हो गया।

## योग हम सभी को जोड़ता है और हमें एक साथ लाता है: मोदी

### योग शांत-तनाव मुक्त जीवन जीने में सहायक, लक्ष्य 50 की उम्र में 30 साल से ज्यादा ऊर्जावान होने का हो : मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को शांत और तनाव-मुक्त जीवन जीने में सहायक बताते हुए कहा है कि हमारा लक्ष्य 50 की उम्र में 30 साल से ज्यादा ऊर्जावान होने का होना चाहिए। बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मुख्य समारोह का आयोजन रविवार को यहां के रेड रोड पर आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इस अवसर पर श्री मोदी कहा, हम हेल्दी एजिंग (उम्र बढ़ने के साथ सेहतमंद रहने) के लिए योग की बात करते हैं, तो इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर सकते हैं कि उम्र बढ़ने से इंसान की क्षमता कम न हो। योग इंसान को लगातार आगे बढ़ने और विकास करने में मदद कर सकता है।'

उन्होंने कहा, ड्योग हमारे शरीर को लचीला बनाने में मदद करता है। यह हमारी ऊर्जा स्तर लेवल को बनाए रखता है। यह हमें शांत और तनाव-मुक्त जीवन जीने में भी मदद करता है। नियमित अभ्यास से योग हमें जीवन भर अपने शरीर और मन को समझने और सीखने वाला बनाता है।' उन्होंने कहा, ड्हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 40 की उम्र में हम 20 की उम्र की तुलना में ज्यादा लचीले हों। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 50 की उम्र में हम 30 की उम्र की तुलना में ज्यादा ऊर्जावान हों।'




### आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव के लिए मजबूत समुद्री सामर्थ्य जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जिस देश का समुद्री सामर्थ्य जितना मजबूत होगा उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव भी उतना ही मजबूत होता है और इसे ध्यान में रखते हुए भारत इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने रविवार को कोलकाता में तीन स्वदेशी नौसैनिक पोतों आईएनएसव अग्रय, आईएनसी दूनागिरी और आईएनएस संशोधक को भारतीय नौसेना के बेड़े में विधिवत रूप से शामिल करने के अवसर पर यह बात कही।

इससे पहले कोलकाता में ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 21 जून के दिन को विश्व जलसर्वेक्षण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है और यह बहुत ही अद्भुत संयोग है कि आज के दिन हमने भारत का सबसे अत्याधुनिक जलसर्वेक्षण जहाज ड आईएनएस संशोधक' कमीशन किया है।



### उत्तर प्रदेश में पहचान का संकट खड़ा करने वालों को अब दुत्कारती है जनताः योगी

**हमीरपुर, यूटर्न/ 21 जून ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि वे लोग पहचान के लिए मोहताज हैं, जिन्होंने यूपी को बीमारू बनाया था। आज उन सबके सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है। जनता अब उन्हें दुत्कारती है, भगाती है। उन्हें भाव नहीं देती। उन्होंने कहा कि जनता ने कमल के फूल पर वोट देकर हमीरपुर व राठ में भाजपा को जिताया तो सुरक्षा, हर घर नल, एक्सप्रेस-वे समेत अनेक योजनाएं और नवाचार हो रहा है। सीएम ने बुंदेलखंड वासियों से अपील की कि माफिया के सरपरस्तों को दोबारा आने नहीं देना है। इन्हें पहचान के लिए मोहताज कराना है। जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर विभाजित नही होना है और विकास, विरासत, आस्था, अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है। उन्होंने स्वामी ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज, राठ में 636 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 75 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। यहां हमीरपुर के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने कहा कि 9 वर्ष पहले बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी ठीक नहीं थी। सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं। माताएं-बहनें मिट्टी का घड़ा सिर पर लेकर पानी ढोने में जिंदगी गुजार देती थीं।

### सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में रेलवे कर्मचारियों की भूमिका को सराहा




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'विशेष जनसंपर्क अभियान' चलाया जा रहा है। इसके तहत भाजपा के नेता, मंत्री, सांसद, विधायक आदि तमाम संगठनों और लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी के तहत भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को रेलवे कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों से मुलाकात कर संवाद किया। नई दिल्ली स्थित टी.एन. बाजपेयी स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) और नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों के हितों, कर्मचारी संगठनों की भूमिका तथा विकसित भारत के निर्माण में भारतीय रेलवे के योगदान जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## नीली झील पर सीएम रेखा का योग, विधानसभा क्षेत्रों में योग दिवस आयोजन

### जुलाई से 'क्लीन दिल्ली, ग्रीन दिल्ली' अभियान, 70 लाख पौधे लगेंगे : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

राजधानी में योग और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध असोला भाटी के नीली झील क्षेत्र में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया और नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष दिल्ली सरकार की ओर से 'एक दिल्ली, एक योग' की भावना के साथ राजधानी की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने रेखांकित किया कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे विश्व समुदाय ने अभूर्व समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, चेतना और शरीर, मन व आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली संपूर्ण जीवन पद्धति है। मुख्यमंत्री ने असोला भाटी को दिल्ली का अनमोल प्राकृतिक उपहार बताते हुए पर्यावरण एवं वन विभाग के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि असोला क्षेत्र और दक्षिणी रिज में बड़े पैमाने पर पौधारोपण और वन संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। पूर्व में जहां मुख्यतः कीकर और बबूल के वृक्ष थे, वहीं अब आम, नीम, पीपल और बरगद जैसे देशी, छायादार और फलदार वृक्ष लगाए जा रहे हैं, जो वन्यजीवों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे।



योग कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने सेंचुरी परिसर स्थित 'विकसित भारत नर्सरी' का निरीक्षण किया और जैव विविधता संवर्धन के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने इस अवसर पर असोला भाटी वाइल्डलाइफ सेंचुरी में तैनात 132 इन्फैंट्री बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी) ईको राजपूत यूनिट के सैनिकों से भी भेंट की और पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों का आ'ान करते हुए घोषणा की कि जुलाई माह में मॉनसून के साथ दिल्ली सरकार 'क्लीन दिल्ली, ग्रीन दिल्ली' के व्यापक जन अभियान की शुरूआत करेगी।

# आकाशवाणी हिसार में महका 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस; करवायी गई पुष्प और इत्र वर्षा

» **हरियाणा, यूटर्न/ 21 जून ।**





आकाशवाणी हिसार के प्रांगण में आज 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल और अनूठे योग कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में आकाशवाणी हिसार के साथ हिसार हुंडई और संपूर्ण फिजियोथेरेपी व नेचुरोपैथी सेंटर ने मुख्य सहयोगी के रूप में शिरकत की' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसार हुंडई के मुख्य प्रबन्धक समीर गर्ग रहे तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में एशियन योगा स्वर्ण विजेता अनुष्का तथा योगा खिलाड़ी यशस्वी रही ' इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पुष्प और इत्र वर्षा रही जिसके द्वारा हरे भरे पेड़ो से घिरे हुए आकाशवाणी हिसार के प्राकृतिक वातावरण में योग साधकों को दैविक अनुभव प्राप्त हुआ '

**विभिन्न संस्थाओं की रही अनुकरणीय भागीदारी और लाइव डेमो**

इस योग शिविर में भारी संख्या में शहरवासिओं, श्रोताओं और आकाशवाणी तथा हिसार हुंडई तथा सम्पूर्ण फि जियोथ्रैपी सेंटर के कर्मचारियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शहर के सभी संस्थाओं हमारा प्यारा हिसार, हरि भरी वसुंधरा, भीख नहीं किताब दो, विस्कोसिस, रेज फॉर एनिमल ट्रस्ट, ग्रीन हिसार फिट हिसार तथा शिवोहम योगा स्टूडियोज के प्रतिनिधियों ने भी उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। योगासन करने वाले बच्चों ने मंच से योगासनों का बेहतरीन लाइव डेमो (प्रदर्शन) भी दिया, जिससे प्रेरित होकर अन्य साधकों ने आसनों को बिल्कुल सही तरीके से सीखा।

**योग इंस्ट्रक्टर सुमित कुमार के निर्देशन में हुआ योगाभ्यास**

जाने-माने योग इंस्ट्रक्टर सुमित कुमार ने उपस्थित सभी योग साधकों को बहुत ही सरल, सुस्पष्ट और सुंदर तरीके से विभिन्न योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगासन के वच्चों विभाग के लाइव डेमो और सुमित कुमार के कुशल निर्देशन का सभी साधकों ने भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आधुनिक तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम रहा। योग सत्र के दौरान हवा में सभी साधकों के ऊपर लगातार ताजे फूलों की पुष्प वर्षा की गई।इसके साथ ही, पूरे माहौल को दिव्य बनाने के लिए गुलाब जल और गुलाब के इत्र की बारिश भी की गई।



**मैट्रो हास्पीटल दिल्ली द्वारा निशुल्क मैडिकल कैम्प का आयोजन**

**निर्मल सिंह विर्क/पानीपत, यूटर्न/ 21 जून ।** गांव बापौली बड़ी चौपाल में मेट्रो हॉस्पिटल दिल्ली द्वारा बापौली के वरिष्ट समाजसेवी विनोद रावल उर्फ बिटटू और राजू रावल के सहयोग से हृदय रोग, हड्डी रोग व पेट के रोगियों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 170 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई, तथा निशुल्क दवाईया भी दी गई। जिसमें बड़ी संखया में मरीजों ने चिकित्सा का लाभ लिया । इस दौरान कैंप में सहयोग कर्ता वरिष्ट समाजसेवी विनोद रावल उर्फ बिटटू और राजू रावल ने बताया कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए हमने तीसरा कैंप लगाया है और आने वाले भविष्य में भी हम इसी प्रकार के कैंपों का आयोजन करते रहेंगे । ग्रामीण क्षेत्र में कुछ ऐसे मरीज है , जो बड़े अस्पताल में अपना उपचार नहीं करवा सकते ।इसलिए हमने यह फैसला किया है कि हम ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़े हॉस्पिटलों के डॉक्टर को गांव में लेकर आएंगे और कैंप लगा करके ग्रामीणों का निशुल्क इलाज कराएंगे बिगडती जीवनशैली और अस्वास्यिकर खान-पान के कारण अनेक बिमारियां मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा हैं। समय रहते इससे बचाव को लेकर इस तरह के कैंपों में स्वास्थ्य जांच कराएं ताकि बिमारियों से बचाव व भविष्य में आने वाली बिमारियों से समय रहते सुरक्षित रह सकें। और रावल ने कहा कि हम सभी में ऐसे समाजसेवी कार्यो में निस्वार्थ भाव से आगे आना चाहिएं। इस अवसर पर ड़ा अरुण गुलाटी हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कहा कि शिविर में 170 से अधिक मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक उपचार, सुझाव एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

# कड़ी सुरक्षा के बीच जारी री-नीट यूजी एग्जाम परीक्षा केंद्रों पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

देशभर में री-नीट यूजी 2026 परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। करीब 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के लिए आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया और परीक्षा केंद्रों पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अभ्यर्थियों ने कड़ी जांच के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश किया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दीं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि नीट परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और सफल तरीके से आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता है कि किसी भी परिस्थिति में युवाओं और छात्रों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा।

वहीं कर्नाटक के बेंगलुरु में भाजपा विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सी.एन. अश्वथ नारायण ने कहा कि परीक्षा के पुनः आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस प्रक्रिया को बेहद गंभीरता से लिया है और कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं ताकि परीक्षा पूरी तरह त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके।



बेंगलुरु से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने भी परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्रों ने इस परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की है और वे आशा करते हैं कि सभी अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन के साथ सफलता हासिल करें। महाराष्ट्र के भिवंडी में पहली बार री-नीट यूजी के लिए पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 2,424 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द की एक अनूठी मिसाल भी देखने को मिली। परीक्षा अवधि में एक मस्जिद ने सभी धर्मों के अभिभावकों और परिजनों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए। दारुल उलूम भिवंडी के अध्यक्ष रईस अहमद नदवी ने इस पहल और आगंतुकों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

मध्य प्रदेश के इंदौर में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। एसीपी प्रीति विजय तिवारी ने बताया कि सुरक्षा की पहली परत पहले ही तैनात कर दी गई है। सशस्त्र पुलिस बल की निगरानी में परीक्षा सामग्री को बैंक से सुरक्षित तरीके से विभिन्न केंद्रों तक पहुंचाया गया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन और सभी डीसीपी के निदेर्शों के अनुसार पूरी सुरक्षा योजना तैयार की गई है। देशभर में कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक सतर्कता के बीच री-नीट यूजी 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 'आफ्टर माइल्स कम्युनिटी' का भव्य शुभारंभ, फिटनेस के साथ सामाजिक एकता का दिया संदेश



» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य, सामाजिक एकता और सकारात्मक जीवनशैली को समर्पित 'आफ्टर माइल्स कम्युनिटी' का भव्य शुभारंभ स्टर्लिंग में किया गया। इस अनूठी पहल की शुरूआत आर्यन बजाज के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को 'दौड़ो, स्वयं को तरोताजा करो और एक-दूसरे से जुड़ो' के संदेश के साथ स्वस्थ, सक्रिय और सामाजिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने दौड़, योग, व्यायाम, संगीत की धुनों पर सामूहिक फिटनेस गतिविधियों और मनोरंजक अभ्यासों का आनंद लिया। पूरा परिसर जोश, ऊर्जा और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। इस अवसर पर आर्यन बजाज ने कहा कि आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में लोग मोबाइल फोन और आधुनिक तकनीक की दुनिया में अधिक व्यस्त हो गए हैं, जिससे सामाजिक मेलजोल लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे समय में आफ्टर माइल्स कम्युनिटी का उद्देश्य केवल लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें एक-दूसरे से जोड़ना, नए रिश्ते बनाना, सुख-दुख में साथ खड़ा होना और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल 'मस्ती के साथ सीखें, मस्ती के साथ स्वस्थ बनें' की सोच पर आधारित है, ताकि फिटनेस लोगों के लिए एक आनंददायक अनुभव बने। उन्होंने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कम्युनिटी से जुड़ें और इसे एक ऐसे परिवार का रूप दें, जहाँ हर व्यक्ति हर परिस्थिति में एक-दूसरे का सहयोगी बने।

कार्यक्रम में उपस्थित फिटनेस प्रशिक्षक रवि सैनी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग, नियमित व्यायाम और अनुशासित दिनचर्या स्वस्थ जीवन का आधार हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रतिदिन योग और व्यायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा फिट रहने के महत्व को विस्तार से समझाया।

वहीं समाजसेवी जतिन गुप्ता ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में आर्यन बजाज द्वारा शुरू की गई आफ्टर माइल्स कम्युनिटी एक प्रेरणादायक और दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि यह केवल फिटनेस अभियान नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है।

# योग मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार : अमित शाह

» **अहमदाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।**


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद के प्रड्डाद नगर गार्डन में योग सत्र में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देशभर में हो रहे आयोजनों का हिस्सा था।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने शहर में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में नागरिकों और योग करने वालों के साथ हिस्सा लिया।

अमित शाह ने एक्स पर लिखा, ङयोग मानवता के लिए भारत का एक अनमोल उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को ऊजार्वान बनाकर समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। अहमदाबाद में एक सार्वजनिक योग सत्र में भाग लेकर दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ योग दिवस के जश्न में शामिल हुआ।'

केंद्रीय गृह मंत्री की यह भागीदारी ऐसे समय में हुई जब भारत भर में सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थानों, पार्कों और सामुदायिक जगहों पर लाखों लोगों ने योग सत्रों में हिस्सा लिया।

इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



ङस्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' थीम के तहत मनाया जा रहा है। इसका मकसद जीवन भर शारीरिक फिटनेस, मानसिक सेहत और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को उजागर करना है। पूरे गुजरात में शहरी और ग्रामीण इलाकों में तय जगहों पर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें अलग-अलग उम्र के लोगों ने हिस्सा लिया।इस मौके पर अहमदाबाद में कई योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रहलाद नगर गार्डन शहर की मुख्य जगहों में से एक था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय विस्तार अभियान को मिल रहा अभूतपूर्व समर्थनः डा. इंदर गोयल

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 21 जून । अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इंद्र गोयल ने बताया कि संगठन द्वारा पूरे भारत में सेवा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विशेष राष्ट्रीय विस्तार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत देश के सभी 28 राज्यों तथा 8 केंद्र शासित प्रदेशों में प्रदेश संयोजकों की नियुक्ति की जा रही है।

डॉ. गोयल ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत अब तक 18 राज्यों में प्रदेश संयोजकों की नियुक्ति सफलतापूर्वक की जा चुकी है। नियुक्त किए गए संयोजक अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन के प्रचार-प्रसार, नई शाखाओं के गठन, सदस्यता अभियान तथा विभिन्न सामाजिक सेवा परियोजनाओं को गति प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा की भावना को पहुंचाना है। संघ द्वारा नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा सहायता, व्यक्तित्व विकास शिविर, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तथा अन्य अनेक जनहितकारी कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में प्रत्येक राज्य, जिला एवं तहसील स्तर पर संगठन की मजबूत इकाइयों का गठन किया जाएगा, जिससे सामाजिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।






संगठन का लक्ष्य देश के प्रत्येक कोने में सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचाना है।

डॉ. इंद्र गोयल ने समाजसेवियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों, युवा वर्ग तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े सभी जागरूक नागरिकों से आ'ान किया कि वे इस राष्ट्रव्यापी सेवा अभियान से जुड़ें और अपने प्रदेश, जिले एवं क्षेत्र में अखिल भारतीय सेवा संघ का कार्यभार संभालकर समाज सेवा के इस महायज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जो भी समाजसेवी अपने क्षेत्र में संगठन का दायित्व संभालने के इच्छुक हैं, वे अखिल भारतीय सेवा संघ से संपर्क कर प्रदेश, जिला अथवा स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी ग्रहण कर सकते हैं। सभी के सहयोग से शीघ्र ही अखिल भारतीय सेवा संघ देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। डॉ. गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के प्रबुद्ध एवं सेवाभावी व्यक्तियों के सहयोग से संगठन का यह विस्तार अभियान नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा देशभर में सेवा और मानवता की एक नई मिसाल स्थापित करेगा। संगठन के विस्तार को गति देने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं जिला इकाई के सदस्य सभी इस मुहिम में अपनी अपनी आहुति डाल रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कानपुर के ग्रीन पार्क में लोगों ने बड़ी संख्या में किया योगाभ्यास



» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 21 जून । आज यहां रविवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने वीरभद्रासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, दंडासन, पद्मासन, वज्रासन, शलभासन, भुजंगासन, विपरीत शलभासन, नौकासन, पवनमुक्तासन, सेतुबंधासन और शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम तथा भ्रामरी प्राणायाम भी कराया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक ,सुरेंद्र मैथानी, विधायक श्रीमती सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, जनपद के नोडल अधिकारी एस. सुंदरम एम.के., पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त संकल्प शर्मा, संयुक्त पुलिस आयुक्त विपिन टाडा, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश सचान ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के एकीकरण का माध्यम है। और आज दुनिया के अधिकांश देश इसे अपना रहे हैं। सांसद श्री रमेश अवस्थी ने कहा कि योग को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है और यह पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहा है। जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच योग स्वस्थ जीवन का प्रभावी माध्यम है।

## *योग और अनुशासित जीवनशैली से कई बीमारियों से बचाव संभव : डॉ. आशीष अनेजा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 21 जून । सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि आधुनिक तनावपूर्ण और गतिहीन जीवनशैली के कारण होने वाली बीमारियों से बचने के लिए योग और अनुशासित दिनचर्या अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन की एक प्रभावी विधा है। आज की खराब खानपान की आदतों और अनियमित जीवनशैली के कारण डायबिटीज, मोटापा और हृदय रोग जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनसे बचाव के लिए योग एक श्रेष्ठ



प्राकृतिक चिकित्सा के रूप में कार्य करता है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. अनेजा ने योगाभ्यास के लिए कुछ आवश्यक नियमों का पालन करने की सलाह देते हुए कहा कि योग हमेशा सुबह खाली पेट करना चाहिए, अभ्यास के दौरान श्वास पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा अपनी क्षमता के अनुसार ही आसन करना चाहिए और शरीर पर अनावश्यक दबाव नहीं डालना चाहिए। उन्होंने बताया कि कपालभाति और अनुलोम-विलोम प्राणायाम रक्त संचार को बेहतर बनाकर हृदय को मजबूत करते हैं। डायबिटीज के नियंत्रण और बचाव के लिए मंडूकासन एवं धनुरासन लाभकारी हैं, क्योंकि ये अग्न्याशय सहित पेट के अंगों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं, जिससे इंसुलिन स्राव और संवेदनशीलता में सुधार हो सकता है। मोटापा कम करने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए त्रिकोणासन और भुजंगासन उपयोगी बताए गए। वहीं तनाव और मानसिक थकान दूर करने के लिए शवासन और ध्यान का अभ्यास करने की सलाह दी गई, जो तनाव से जुड़े हार्मोन कॉर्टिसोल के स्तर को कम करने में सहायक हो सकते हैं। डॉ. अनेजा ने संतुलित एवं सात्विक आहार अपनाने, ताजे फल, हरी सब्जियां और अंकुरित अनाज को भोजन में शामिल करने, जंक फूड एवं अत्यधिक तैलीय खाद्य पदार्थों से परहेज करने, समय पर सोने-जागने तथा पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी पीने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर व्यक्ति अधिक स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान जीवन जी सकता है। योग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह अनुशासन और संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है तथा इसे किसी भी उम्र में अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार शुरू किया जा सकता है।

## 80 लाख के ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, 25 लाख रुपए के शेयर फ्रीज



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति को स्टॉक मार्केट में अच्छे रिटर्न का लालच देकर लगभग 80 लाख रुपए ठगे थे। जांच के दौरान पुलिस ने लगभग 25 लाख रुपए के शेयर फ्रीज किए। दिल्ली पुलिस के अनुसार, पैसों के लेन-देन का पता लगाए जाने के बाद आरोपियों को दिल्ली और गुरुग्राम से पकड़ा गया। उनकी पहचान दिल्ली के करोल बाग निवासी पीयूष कुमार और गुरुग्राम निवासी जतिन खजोतिया के रूप में हुई। शिकायतकर्ता को आरोपियों की ओर से शेयर बाजार से संबंधित योजनाओं में निवेश करने के लिए आकर्षक और ऊंचे रिटर्न का झांसा दिया गया था। उनके भरोसे में आकर शिकायतकर्ता ने कई ट्रांजैक्शन के जरिए लगभग 80 लाख रुपए ट्रांसफर किए। बाद में न तो वादा किया गया रिटर्न मिला और न ही निवेश की गई रकम वापस मिली। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच के लिए एक टीम गठित की। टीम ने बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन, डिजिटल साक्ष्यों और मोबाइल डेटा की बारीकी से जांच की। जिन खातों में पैसे गए थे, उनका विश्लेषण और लगातार टेक्निकल निगरानी के जरिए पुलिस ने ठगी गई रकम के मूवमेंट का पता लगाया और फ्रॉड में शामिल लोगों की पहचान की। इसके बाद, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शिकायतकर्ता का भरोसा जीता और उसे बहुत अधिक रिटर्न का वादा करके शेयर बाजार और निवेश स्कीम में बड़ी रकम लगाने के लिए राजी किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

» हरियाणा, यूटर्न/ 21 जून ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक (हिसार) के परिसर में विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन किए और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आयोजन तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन के आ'ान पर किया गया। इस अवसर पर सीटीओ श्रीमती मीना कुमारी (प्रवक्ता अंग्रेजी) ने योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक है।

पीटीआई श्री वीरेंद्र सिंह कुंडू ने



विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक फिटनेस बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है।

में एनसीसी के 40 कैडेट्स, विद्यालय के 40 अन्य विद्यार्थियों तथा 25 अभिभावकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री बलबीर सिंह (प्रवक्ता राजनीति विज्ञान), श्री वेद तथा विद्यालय का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा। अंत में श्री बलबीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आ'ान किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस योगाभ्यास कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन तथा प्राणायाम का सामूहिक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का




उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## जीटी रोड पार कर रही मौसी-भांजी को रोडवेज बस ने कुचला, दोनों की मौत

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 19 जून ।** मोहन नगर में बृहस्पतिवार दोपहर जीटी रोड पार कर रहीं मौसी-भांजी को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कुचल दिया। हादसे में दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी सर्वेश (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी भांजी दिल्ली के ही करण विहार निवासी खुशी (12) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों बुलंदशहर में शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। दोनों के शव मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार सर्वेश अपनी बहन, बहनोई पंकज और भांजी खुशी के साथ दिल्ली से बुलंदशहर जा रही थीं। मोहन नगर में सभी यात्री वाहन से उतरे और बुलंदशहर जाने वाली बस की ओर बढ़े। सर्वेश और खुशी पैदल ही जीटी रोड पार कर रही थीं, तभी डीसीपी कार्यालय की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दोनों को चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बस रोक ली। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ भी की, लेकिन चालक भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सर्वेश को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद खुशी की भी मौत हो गई। दोनों शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं। 18 जून को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश जारी है। परिवहन निगम को भी सूचना भेज दी गई है। परिवार की तहरीर पर आगे की कार्रवाई होगी। मोहन नगर चौराहे पर फुट ओवरब्रिज होने के बावजूद कई लोग जान जोखिम में डालकर पैदल ही जीटी रोड पार करते हैं। जीटी रोड पर भारी वाहनों का ट्रैफिक रहता है।

# दिल्ली पुलिस ने एक साइबर ठग और 2 सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।

ऑनलाइन रेंटल स्कैम में प्रॉपर्टी के मालिक से 34,999 की धोखाधड़ी करने के मामले में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के साइबर पुलिस स्टेशन ने धोखाधड़ी करने वाले के बैंक खाते को गिरफ्तार किया है। वहीं, शाहदरा पुलिस ने दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली के करोल बाग के रहने वाले विवेक चावला ने पुलिस को शिकायत दी कि उन्होंने एक ऑनलाइन प्रॉपर्टी पोर्टल के जरिए अपना फ़्लैट किराए पर देने की कोशिश की थी। इस दौरान उनके साथ 34,999 रुपये की धोखाधड़ी हुई। शिकायतकर्ता से 'आशीष कुमार पहाड़ी' नाम के एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने प्रॉपर्टी किराए पर लेने में दिलचस्पी दिखाई और डील पक्की कर ली। किराये का पेमेंट करने के बहाने आरोपी ने शिकायतकर्ता से उनकी यूपीआईडिटेल्समांगी और वेरिफिकेशन के लिए 1 रुपया भेजने को कहा। इसके बाद आरोपी ने फोनपे पर 34,999 रुपये का 'रिक्वेस्ट मनी' ट्रांजैक्शन जेनरेट किया और इसे गलत तरीके से ऐसा दिखाया जैसे वह शिकायतकर्ता को पेमेंट भेज रहा हो। इसे आने वाला पेमेंट समझकर, शिकायतकर्ता ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली और अपना यूपीआई पिन डाल दिया, जिससे उनके बैंक खाते से 34,999 रुपये कटकर आरोपी के अकाउंट में चले गए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस से शिकायत की।



अपराध की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेंट्रल पुलिस स्टेशन की एक टीम गठित की गई। टीम ने दिल्ली, हापुड़, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर तकनीकी और फील्ड जांच की। बैंकिंग ट्रांजेक्शन, डिजिटल फुटप्रिंट और तकनीकी निगरानी से पता चला कि ठगी गई रकम हिमांशु मंडल के नाम पर खुले केनरा बैंक खाते में जमा की गई थी।

जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर-7 पहुंची, जहां 18 जून 2026 को आरोपी का पता लगाकर उसे पहचान लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने साइबर धोखाधड़ी से मिली रकम को लेने के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खातों को चलाने और उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका का खुलासा किया।

अन्य साथियों की भूमिका का पता लगाने और उस व्यक्ति को खोजने के लिए जांच चल रही है, जिसने आर्मी ऑफिसर बनकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया था।

वहीं, शाहदरा की स्पेशल स्टाफ टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

'बांग्लादेश बनाम ऑस्ट्रेलिया' मैच के दौरान सट्टा लगाने की विश्वसनीय जानकारी मिलने पर एसीपी ऑपरेशन्स मोहिंदर सिंह की देखरेख में और स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर आशीष कुमार के नेतृत्व में एक रेडिंग टीम बनाई गई। टीम ने चिन्हित जगह पर छापा मारा।

छापे के दौरान, दो लोग चल रहे क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करवाते हुए पाए गए। एक आरोपी लैपटॉप पर सट्टेबाजी कैलकुलेटर एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके सट्टेबाजी के लेन-देन और हिसाब-किताब रख रहा था, जबकि दूसरा मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग कर रहा था और मोबाइल फोन के जरिए सट्टेबाजों से दांव स्वीकार कर रहा था। आरोपियों की पहचान अक्षय (48) और सुनील दत्त (32) निवासी जीटीबी एन्क्लेव के रूप में हुई है।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई में सुस्ती, दो सुपरवाइजर निलंबित

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।

अवैध निर्माण रोकने में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। समीक्षा बैठक के बाद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने दो सुपरवाइजरों को निलंबित कर दिया। बैठक में दोनों पर लापरवाही की सबसे ज्यादा शिकायतें मिलीं साथ ही कार्य में भी कमी मिली थी। जानकारी के अनुसार जोन तीन योगेश साहनी और जोन चार के सुभाष पर कार्रवाई की गई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन अवैध रूप से वेयरहाउस बनने और जोन चार में अवैध रूप से इमारत बनने का मामला सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। इसमें अभी आगे की जांच चल रही है। उपाध्यक्ष ने बताया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे भी अगर कोई अवैध निर्माण को रोकने या दूसरे विभागीय कार्यों में गंभीरता नहीं दिखाएगा तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।




अवैध निर्माण को लेकर सुपरवाइजर पर कार्रवाई के साथ अपनी पर्यवेक्षण लापरवाही करने वाले अभियंताओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यह नोटिस जोन-चार के सहायक अभियंता विनय कुमार वर्मा और अवर अभियंता प्रशांत मिश्रा के साथ जोन-तीन के सहायक अभियंता सचिन अग्रवाल, अनुज कुमार और अवर अभियंता धनंजय वर्मा को दिया गया है।

**बढ़ेगी निगरानी**

कार्य में लापरवाही के मामले सामने आने के बाद सभी जोन के सुपरवाइजर और अभियंताओं की निगरानी बढ़ेगी। उच्चाधिकारी उनके कार्य के संबंध में रोजाना रिपोर्ट मांगेंगे। लापरवाही होने पर उसका भी रिकॉर्ड रखा जाएगा। साथ ही सभी जोन के प्रभारियों को भी कार्य में सुधार के लिए कहा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम ने चलाया अभियान, तीन घंटे में उठाई 1.5 टन धूल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।** शहर को धूल और प्रदूषण से मुक्त करने के लिए नगर निगम ने शनिवार सुबह अभियान चलाया। निगम के पांचों जोन में एक साथ सुबह 5 से 8 बजे तक आधुनिक उपकरणों की मदद से सड़कों से करीब 1.5 टन धूल हटाई गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि अभियान श्याम पार्क मेट्रो स्टेशन से दिल्ली बॉर्डर तक, नीति खंड-3 के प्रमुख मार्ग और अंदरूनी सड़कों, गोविंदपुरम क्षेत्र की मुख्य सड़कों, तिगड़ी गोल चक्कर से अकबरपुर बहरामपुर रोड तक, भाटिया पुल से लाल कुआं तक चलाया गया। इस दौरान प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद आदि मौजूद रहे।

### ट्यूशन पढ़ने जा रहे 10वीं के छात्र को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।** नंदग्राम थाने के नजदीक लेबर चौक पर सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल से स्कूल जा रहे 10वीं के छात्र को कुचल दिया। घायल छात्र को मरियम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में ले ली है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि सद्दीनगर सिहानी में रहने वाले तराशु (16) पुत्र मोहित शनिवार की सुबह करीब सवा सात बजे नंदग्राम में ट्यूशन पढ़ने के लिए साइकिल से निकला। जब वह थाने के नजदीक लेबर चौक पर पहुंचा तो पीछे से आए सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तराशु को टक्कर मार दी। जब तक चालक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नियंत्रण कर पाता तब तक ट्रैक्टर के दोनों पहियों के नीचे आकर छात्र कुचल गया। आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर चालक बिट्टू को मौके पर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में ले ली। मृतक छात्र के पिता मोहित ने ट्रैक्टर चालक बिट्टू और मालिक कृष्ण कुमार निवासी बम्हैटा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसीपी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में ले लिए हैं आरोपी चालक बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव का मेडिकल परीक्षण कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक छात्र के चाचा प्रवीण कुमार ने बताया कि तराशु शहीद मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। उनके पिता मोहित श्रीराम पिस्टन में नौकरी करते हैं। तराशु घर में इकलौता बेटा था।

# 9वीं की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास, पहली मंजिल से गिरकर हुई घायल, छात्र पर आरोप

» खोड़ा, यूटर्न/ 21 जून ।

थानाक्षेत्र की रहने वाली 9वीं की छात्रा से शुक्रवार देर रात दो बजे के करीब पड़ोसी किरायेदार के नाबालिग बेटे ने दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान नाबालिग से असमत बचाने के दौरान संघर्ष में पहली मंजिल से नीचे गिरकर बुरी तरह घायल हो गई और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। किशोरी ने मकान की दूसरी मंजिल पर रहने वाले किरायेदार के बेटे और 10वीं के छात्र पर आरोप लगाया। पीड़िता पिता ने आरोपी के खिलाफ 20 जून को प्राथमिकी दर्ज कराई तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय किशोरी दिल्ली स्थित एक स्कूल में कक्षा 9वीं की छात्रा है। उनके माता-पिता एक मकान में किराये पर रहते हैं। मकान के भूतल पर उनकी सगी बड़ी बहन पति और बच्चों के साथ किराये पर रहती है। इसी मकान के दूसरे तल पर आरोपी नाबालिग अपने माता-पिता और बहन के साथ रहता है और वह छात्रा के ही स्कूल में 10वीं का छात्र है। हालांकि छात्रा की कक्षाएं सुबह और नाबालिग की दोपहर की पाली में संचालित होती हैं।

आरोपी रात में छात्रा के कमरे में घुसकर जबरदस्ती करने लगा। अपनी अस्मत बचाने के दौरान छात्रा बालकनी से नीचे गिर गई।

**डिलीवरी बॉय की नौकरी करता है नाबालिगः** स्कूल की छुट्टियां होने की वजह से नाबालिग एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। उसके पिता ऑटो रिक्शा चलाते हैं।

### तारों में उलझने से बची छात्रा की जान

छात्रा जिस मकान में रहती है उसके बाहर बिजली के तार भी हैं। अकसर जान को खतरा बनने वाले बिजली के तारों की वजह से ही छात्रा की जान बच पाई। जानकारी के अनुसार पहली मंजिल से गिरते समय छात्रा तारों में उलझ गई और इसके बाद नीचे गिरी। परिजन पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में ले गए और वहां से जीटीबी रेफर कर दिया गया। वहीं, मामले में यह भी बात सामने आई है कि कुछ दिन पहले छात्रा और किशोर के बीच कहासुनी भी हुई थी और इस दौरान छात्रा को धमकी देने की बात भी सामने आई थी। पुलिस के अनुसार पीड़िता के गर्दन, सिर व चेहरे पर चोट आई है। नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। छात्रा के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करके जल्द ही साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी में बिजली ट्रिपिंग और कटौती अब दिनचर्या बनी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।** टीएचए क्षेत्र के इलाकों में रात-दिन हो रही बिजली कटौती व ट्रिपिंग लोगों को परेशान कर दिया है। तमाम शिकायतों के बाद भी बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली कटते ही नींद टूट जाती है। फिर से नींद आने में घंटों लग जाते हैं। इससे दिनभर चिड़चिड़ापन रहता है। हालांकि परेशान होकर अब इसे दिनचर्या मान लिया है।




शुक्रवार रात को भोपुरा की कृष्णा विहार कुटी में ट्रिपिंग होती रही। इससे लोग रात में सो नहीं पाए। लोगों ने इसकी शिकायत ऊर्जा निगम अधिकारियों से की तो उन्होंने बिजली सामान्य बताकर पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद कॉल उठानी बंद कर दी। कृष्णा विहार कुटी के सुरेश पाल ने बताया कि रात करीब 11 बजे से बिजली ट्रिपिंग शुरू हो गई। हर घंटे चार से पांच बार बिजली कटी। हेल्पलाइन नंबर 1912 पर काल कर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अब तो यह हर रोज की दिनचर्या हो गई है। वहीं, शालीमार गार्डन, करहैड़ा व डीएलएफ कॉलोनी में भी रात एक बजे के बाद बिजली का आना-जाना लगा रहा। लोगों की शिकायत पर भी कोई समाधान नहीं हुआ। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में भी शनिवार को कई बार बिजली कटी। लोग वाट्सएप ग्रुप में मैसेज डालकर एक-दूसरे से पूछते रहे कि बिजली कब आएगी। इन्वर्टर भी डाउन हो गए हैं। गर्मी से बचाव के उपकरण नहीं चलने से लोग सो नहीं पाए। स्थानीय निवासी राज ने बताया कि बिजली कटौती रोज की समस्या बन चुकी है। वहीं, वसुंधरा सेक्टर-11 में बिजली ट्रिपिंग से हर घंटे चार-पांच बार आ जा रही थी।

# 28 जून को चलेगा विशेष पोलियो अभियान उपलब्ध होंगी दस लाख खुराक

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।

वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो (वीडीपीवी) वायरस की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग ने विशेष पोलियो अभियान की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 7.50 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 28 जून को व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। अभियान के तहत जिले भर में 1600 बूथ स्थापित किए जाएंगे, जबकि दो हजार टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का कार्य करेंगी। सर्विलांस अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में अभियान की निगरानी के लिए 22 सर्विलांस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

डूंडाहेड़ा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के नमूने में वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो (वीडीपीवी) वायरस की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 12 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष सर्वे कराया था। इस सर्वे के लिए 107 टीमों को लगाया गया। टीमों ने 10 दिनों के दौरान कुल 31,100 घरों का सर्वे किया और 13,932 बच्चों के टीकाकरण का सत्यापन किया था। सर्वे रिपोर्ट में सामने आया कि 289 बच्चे पोलियो टीकाकरण से वंचित पाए गए। इसके अलावा 378 बच्चों ने पिछले दो चरणों में कम से कम एक खुराक नहीं ली थी। हालांकि जांच के दौरान 12,786 बच्चों के दोनों चरणों में पूर्ण टीकाकरण होने की पुष्टि हुई। सर्वे के निष्कर्षों के आधार पर अब स्वास्थ्य विभाग ने



अभियान की रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। अभियान के दौरान 1600 बूथों पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी। दो हजार टीमों को घर-घर जाकर ऐसे बच्चों तक पहुंचने की जिम्मेदारी सौंपी गई है जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए। इसके अलावा अभियान की निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई है। अभियान के लिए मेरठ मंडल के मुख्य कोल्ड स्टोर से मंगलवार तक करीब 10 लाख डोज जिले में पहुंचने की उम्मीद है। वैक्सीन प्राप्त होने के बाद इसे जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अभियान के दौरान किसी प्रकार की कमी न रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन वैश्य ने बताया कि पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष जिम्मेदारियां दी गई हैं। साथ ही सर्विलांस टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए और जिले को पोलियो के खतरे से सुरक्षित रखा जा सके।

# भारत-यूरोपीय संघ एफटीए मार्च 2027 तक हो सकता है लागू : गोयल

» **मुंबई, यूटर्न/ 21 जून ।**

भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) दिसंबर के अंत तक साइन हो जाएगा। इसके साथ, यह फरवरी-मार्च 2027 तक लागू हो सकता है। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को दी।

देश की आर्थिक राजधानी में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह समझौता कई तरह के सामानों पर टैरिफ कम करके यूरोपीय बाजार तक भारत की पहुंच को काफी बढ़ा देगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, ङअब लगभग जीरो ड्यूटी के साथ, पूरा यूरोपीय बाजार हमारे लिए खुल जाएगा। ईयू के साथ एफटीए पर दिसंबर तक हस्ताक्षर हो जाएंगे और यह फरवरी-मार्च तक लागू हो जाएगा।'




भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को एफटीए के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी, जिसे गोयल ने 'मदर ऑफ ऑल डील' बताया था।

इस प्रस्तावित समझौते के तहत, भारत के लगभग 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में बिना किसी शुल्क के पहुंच मिलने की उम्मीद है।

> *गोयल ने आर्थिक विकास के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया।*

मंत्री ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया भर के देश भारत के साथ आर्थिक साझेदारी मजबूत करने के इच्छुक हैं। गोयल ने कहा, ङपूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है।'

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर इस हफ्ते भारत का दौरा करने वाले हैं, ताकि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत हो सके।

संबोधन के दौरान, गोयल ने आर्थिक विकास के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए।

गोयल ने कहा, ङप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा हमसे कहते हैं कि देश को विकास की जरूरत है, और देश को अपनी विरासत की भी जरूरत है। कोई भी देश अपनी संस्कृति, विरासत और परंपराओं का ध्यान रखे बिना विकसित राष्ट्र नहीं बना है।'

# कावासाकी जेडएक्स-10आर पर मिल रहा भारी डिस्काउंट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।** बाइक निमार्ता कंपनी कावासाकी ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल, जेडएक्स-10आर पर भारी डिस्काउंट देने की घोषणा की है। डिस्काउंट की वजह से ग्राहकों के लिए इस दमदार सुपरबाइक को खरीदना काफी किफायती हो गया है। इस मोटरसाइकिल को खरीदने पर वर्तमान में अधिकतम 2.89 लाख रुपये तक की भारी बचत की जा सकती है, जो इसे स्पोर्ट्स बाइक प्रेमियों के लिए एक शानदार अवसर बनाती है। जेडएक्स-10आर में 999 सीसी का शक्तिशाली इनलाइन फोर इंजन दिया गया है, जो 202 बीएचपी की जबरदस्त पावर और 112 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है।

इस उच्च प्रदर्शन वाले इंजन को छह-स्पीड ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा गया है, जो बेहतरीन राइडिंग अनुभव प्रदान करता है। फीचर्स के मामले में भी यह मोटरसाइकिल अत्याधुनिक है। इसमें शोवा बीएफएफ फ्रंट फोर्क्स, बीएफआरसी रियर मोनोशॉक सस्पेंशन, डुअल 330 एमएम फ्रंट डिस्क ब्रेक और सिंगल 220 एमएम रियर डिस्क ब्रेक दिए गए हैं, जो उच्च गति पर भी बेहतर नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें फुल-टीएफटी डिस्प्ले, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, कई राइडिंग मोड्स, लॉन्च कंट्रोल, ट्रैक्शन कंट्रोल और डुअल-चैनल ए.बी.एस. (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं। 17-इंच के पहिए, 835 एमएम की सीट ऊंचाई और 17-लीटर का विशाल फ्यूल टैंक इसे लंबी दूरी की यात्राओं के लिए भी उपयुक्त बनाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डिविडेंड बंपरः जून के अंतिम सप्ताह में 31 कंपनियां बांटेंगी लाभांश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।** शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए जून 2026 का अंतिम सप्ताह वित्तीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। इस दौरान देश की 31 प्रमुख कंपनियां अपने शेयरधारकों को डिविडेंड का लाभ देने जा रही हैं, जो उनके मुनाफे का एक हिस्सा होता है। यह लाभांश निवेशकों के लिए अतिरिक्त आय का एक बड़ा स्रोत बन सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनकी नजर नियमित आय वाले शेयरों पर रहती है। सप्ताह की शुरूआत 22 जून से होगी, जब पैनासोनिक कार्बन इंडिया (12 रुपए), संगम इंडिया (2 रुपए) और डीएमआर इंजीनियरिंग (0.14 रुपए) डिविडेंड प्रदान करेंगी। इसके बाद 23 जून को एशियन पेंट्स (23 रुपए) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (22 रुपए) समेत कई दिग्गज एक्स-डिविडेंड होंगी, जिनमें थायरोकेयर, टाटा पावर भी शामिल हैं। 24 जून को व्हील्स इंडिया और शंकरा बिल्डप्रो का नंबर है। 25 जून सबसे व्यस्त दिन रहेगा, जब 17 कंपनियां लाभांश के लिए एक्स-डेट पर होंगी। इनमें सुप्रीम इंडस्ट्रीज (25 रुपए) और भारतीय जीवन बीमा निगम (10 रुपए) प्रमुख हैं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, डिविडेंड का लाभ पाने के लिए निवेशकों को एक्स-डिविडेंड तिथि से पहले शेयर खरीदना अनिवार्य है। भारतीय शेयर बाजार में लागू टी प्लस वन सेटलमेंट व्यवस्था के चलते ये तिथियां अक्सर करीब होती हैं, अतः समय पर निवेश ही डिविडेंड से लाभ कमाने की कुंजी है।

### मारुति सुजुकी अपने ईवी पोर्टफोलियो का विस्तार करने की तैयारी में

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।** कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी अपने ईवी पोर्टफोलियो का विस्तार करने की तैयारी में है। कंपनी एक नई इलेक्ट्रिक एमपीवी लॉन्च करने जा रही है, जिसका कोडनेम वाईएमसी है। कंपनी इसे साल 2027 के मध्य तक भारतीय बाजार में उतारेगी। यह नई एमपीवी एसयूवी से प्रेरित एक मजबूत और स्टाइलिश लुक के साथ आएगी, और इसकी सबसे खास बात इसकी प्रभावशाली रेंज होगी, जो एक बार चार्ज होने पर 500 किलोमीटर तक हो सकती है। मारुति की इस नई इलेक्ट्रिक एमपीवी का डिजाइन आम एमपीवी से हटकर होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसे एसयूवी जैसा ऊंचा फ्रंट, बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस और रगेड बॉडी डिजाइन दिया जा सकता है, जैसा कि टेस्टिंग के दौरान देखे गए मॉडल में नजर आया। इसके कुछ डिजाइन एलिमेंट्स मारुति ई-विटारा से भी मिलते-जुलते हो सकते हैं।

# देश में ईवी की तेजी से बढ़ रही मांग

## टाटा मोटर्स को 3,400 से अधिक इलेक्ट्रिक गाड़ियों का मिला ऑर्डर




**टाटा मोटर्स ने कहा कि ऑर्डर बुक में हो रही यह बढ़ोतरी देश के इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन बाजार में उसकी स्थिति को मजबूत करती है और जीरो-एमिशन मोबिलिटी की ओर भारत के बदलाव में मदद करती है।**

» **मुंबई, यूटर्न/ 21 जून ।**

टाटा मोटर्स ने रविवार को घोषणा की कि उसे अलग-अलग कैटेगरी में इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए 3,400 से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। यह भारत के माल और यात्री परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशंस को तेजी से अपनाए जाने का संकेत है। इन ऑर्डर्स में लगभग 2,000 छोटे कमर्शियल वाहन और पिक-अप, करीब 900 ट्रक और लगभग 500 बसें शामिल हैं।

इन वाहनों का इस्तेमाल कई तरह के कामों में किया जाएगा, जिसमें ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स, एफएमसीजी और एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूशन, शहर के अंदर आवाजाही और साथ ही सीमेंट, स्टील, माइनिंग और टारमैक ऑपरेशन जैसे सेक्टर शामिल हैं।

कंपनी के अनुसार, ये ऑर्डर इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों में ग्राहकों का बढ़ता भरोसा दिखाते हैं और यह संकेत देते हैं कि अब पायलट प्रोजेक्ट्स से आगे बढ़कर अलग-अलग इंडस्ट्रीज में बड़े पैमाने पर इनका इस्तेमाल शुरू हो रहा है। टाटा मोटर्स ने कहा कि ऑर्डर बुक में हो रही यह बढ़ोतरी देश के इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन बाजार में उसकी स्थिति को मजबूत करती है और जीरो-एमिशन मोबिलिटी की ओर भारत के बदलाव में मदद करती है।

कंपनी ने बताया कि कमर्शियल वाहन सेगमेंट में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अब शुरूआती दौर से आगे बढ़ रही है, क्योंकि बिजनेस रोजमर्रा के कामकाज में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से शामिल कर रहे हैं।

पिछले एक साल में, टाटा मोटर्स ने कई सेगमेंट में अपने इलेक्ट्रिक कमर्शियल व्हीकल पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। छोटे कमर्शियल व्हीकल कैटेगरी में, कंपनी 'लास्ट-माइल' और शहर के अंदर ट्रांसपोर्टेशन के लिए ऐस प्रो ईवी, ऐस ईवी और इंट्रा ईवी जैसे वाहन पेश करती है।

इसके अलावा, कंपनी ने अपनी अल्ट्रा ईवी रेंज के साथ इंटरमीडिएट और भारी कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में भी विस्तार किया है। साथ ही, भारी माल ढुलाई के कामों के लिए प्राइमा ईवी 55टी ट्रक और प्राइमा ईवी 28टी टिपर भी पेश किए हैं।

पैसेंजर मोबिलिटी सेगमेंट में, टाटा मोटर्स शहर के अंदर और शहरों के बीच ट्रांसपोर्ट सर्विस के लिए स्टारबर ईवी और अल्ट्रा ईवी बसें उपलब्ध कराती है।

कंपनी ने बताया कि देश भर में उसका एक बड़ा इलेक्ट्रिक वाहनों का बेड़ा पहले से ही चल रहा है, जिसमें 3,800 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं, जिन्होंने कुल मिलाकर 55 करोड़ किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की है। छोटे कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में, अभी भारतीय सड़कों पर 17,000 से ज्यादा टाटा इलेक्ट्रिक एससीवी चल रहे हैं।

# केंद्र सरकार ने 16 एफडीसी दवाओं पर लगाया स्थयी प्रतिबंध

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

देश में दवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं पर स्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब इन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह रोक रहेगी। सरकार का कहना है कि इन दवा संयोजनों का कोई ठोस चिकित्सीय आधार नहीं पाया गया और इनके इस्तेमाल से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकते थे। वर्ष 2021 में शुरू हुई गहन जांच प्रक्रिया के बाद विशेषज्ञ उप-समिति ने विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों और क्लीनिकल डेटा की समीक्षा की। दवा कंपनियों को भी अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। विस्तृत परीक्षण और विचार-विमर्श के बाद समिति ने प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की, जिसे ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड ने भी समर्थन दिया। प्रतिबंधित दवाओं में त्वचा संबंधी उत्पादों में उपयोग होने वाले कई कॉम्बिनेशन, जैसे एलो एक्सट्रैक्ट और विटामिन-ए के मिश्रण शामिल हैं, जिनके सुरक्षित विकल्प बाजार में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अमॉक्सिसिलिन और सेराटियोपेप्टिडेज जैसे कई एंटीबायोटिक कॉम्बिनेशन भी इसकी जद में आए हैं, जिन्हें पर्याप्त चिकित्सीय प्रमाणों के बिना बेचा जा रहा था। पेट दर्द और ऐंठन के इलाज में इस्तेमाल होने वाले कुछ अतार्किक मिश्रणों को भी अनुपयोगी पाया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रतिबंध से न केवल मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि दवाओं के जिम्मेदार और वैज्ञानिक उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कदम जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का प्रमाण है।

# नवी मुंबई-अबू धाबी के लिए 15 जुलाई से होगा विमान का संचालन

## एयर इंडिया एक्सप्रेस ने की घोषणा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और अबूधाबी के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, यह महाराष्ट्र के सबसे नए एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन्स शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बन गई है।




एयरलाइन की ओर से किए गए ऐलान के अनुसार, नई सेवाएं 15 जुलाई से शुरू होने वाली हैं। नई सेवाओं का संचालन शुरू में हफ्ते में दो बार बुधवार और शुक्रवार को किया जाएगा। इसके बाद 29 जुलाई से रविवार को एक सर्विस जोड़कर इसे हफ्ते में तीन फ्लाइट तक बढ़ाया जाएगा। शुरूआती शेड्यूल के तहत, फ्लाइट अबू धाबी से सुबह 5:45 बजे निकलेंगी और नवी मुंबई सुबह 10:20 बजे (स्थानीय समयानुसार) पहुंचेंगी।

इसके अलावा, वापसी की फ्लाइट नवी मुंबई से सुबह 2:55 बजे निकलेगी और अबू धाबी सुबह 4:35 बजे (स्थानीय समयानुसार) पहुंचेगी।

अबू धाबी सर्विस के जुड़ने के साथ, एयर इंडिया एक्सप्रेस नवी मुंबई से हफ्ते में 30 विमानों का संचालन करेगी, जो एयरपोर्ट को सीधे अबू धाबी, बेंगलुरु और दिल्ली से जोड़ेगी।

एयरलाइन ने कहा कि महाराष्ट्र में उसकी मौजूदगी लगातार बढ़ रही है, हर हफ्ते मुंबई से 95 से ज्यादा विमान, पुणे से 100 से ज्यादा और नागपुर से 14 विमान हैं।

इस लॉन्च से मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के यात्रियों को संयुक्त अरब अमीरात का एक और गेटवे मिलेगा, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यात्रा में ज्यादा सुविधा और विकल्प मिलेंगे। इसके अलावा, इस रूट के लिए बुकिंग अब एयरलाइन की वेबसाइट, मोबाइल एप्लिकेशन और दूसरे बुकिंग चैनल से शुरू हो गई है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस भारत और पश्चिम एशिया के बीच सबसे बड़े नेटवर्क में से एक चलाता है, जो कई भारतीय शहरों को बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के गंतव्य स्थान से जोड़ता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### रोडवेज बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 21 जून ।** वसुंधरा रेड लाइट पर 20 जून की सुबह रोडवेज बस टक्कर ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। हादसे के बाद महिला की मौत हो गई और उनकी पहचान साहिबाबाद के मोहन नगर स्थित अर्थला निवासी कांति देवी (75) के रूप में हुई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस महिला के परिजन तक पहुंच सकी। शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं, पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। कांति देवी मूलरूप से बिहार के नालंदा स्थित थरथरी थानाक्षेत्र के मतहर गांव की रहने वाली थीं। वह कई वर्षों से अर्थला में रहकर मेहनत मजदूरी करती थीं। शनिवार सुबह घर से कुछ काम के लिए कहकर निकली थीं। जब वह वसुंधरा रेड लाइट पर पहुंचीं तभी एक तेज रफ्तार बेलगाम रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में घायल होने से बेसुध हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और अस्पताल में महिला को भर्ती कराया तो चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। आसपास के लोगों ने पूछताछ में पुलिस को रोडवेज से टक्कर होने की बात कही। शिनाख्त होने के बाद शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे बुजुर्ग की बेटी सुनीता देवी और दामाद गोरेलाल पासवान मोर्चरी पहुंचे। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द रोडवेज बस को ट्रेस कर कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व ही रोडवेज बस ने मौसी और भांजी को टक्कर मार दी थी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चार दिन में दो हादसे रोडवेज बस से हुए हैं।

### बिजली के खंभों के बीच बन रहा सीमेंटेड नाला, निर्माण पर उठ रहे सवाल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 जून ।** वार्ड-26 के पल्ला-इस्माइलपुर मार्ग पर करीब 2.40 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे सीमेंटेड नाले को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर बिजली के खंभों को हटाए बिना ही नाले का निर्माण किया जा रहा है जिससे भविष्य में जल निकासी और सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। वहीं नगर निगम का कहना है कि परियोजना अभी शुरूआती चरण में है और बिजली के खंभों को जल्द स्थानांतरित कर दिया जाएगा। करीब एक किलोमीटर लंबे इस सीमेंटेड नाले का निर्माण क्षेत्र में बरसाती और घरेलू पानी की निकासी की समस्या दूर करने के लिए कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माणाधीन हिस्से में नाले के बीच बिजली के खंभे लगे हैं, जिससे पानी के प्रवाह के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचेगी और आगे चलकर परेशानी हो सकती है।

# योग दिवस पर गुरुग्राम में ग्लैमर का तड़का, शिल्पा शेट्टी संग हजारों लोगों ने किया योग

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 जून ।**






12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरुग्राम के डीएलएफ साइबर हब में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपनी मौजूदगी से आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। शिल्पा शेट्टी ने मंच से विभिन्न योगासन कराए और नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उनकी ऊर्जा और फिटनेस को देखकर उपस्थित लोग भी पूरे जोश के साथ योग करते नजर आए। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी और योग दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। योग के दौरान शिल्पा शेट्टी की एक झलक पाने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए प्रशंसकों में होड़ मची रही।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी लोग उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए उत्सुक नजर आए। शिल्पा की मौजूदगी ने आयोजन को और भी खास बना दिया योग दिवस के इस आयोजन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान साइबर हब योगस्थली में तब्दील नजर आया, जहां हर उम्र के लोगों ने योग कर स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई।

# दिल्ली में अब खराब स्ट्रीट लाइट पर प्रति घंटा लगेगा जुर्माना, कंट्रोल रूम से होगी लाइव निगरानी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 जून ।**

दिल्ली की सड़कों को रात के सफर में अधिक सुरक्षित बनाने के लिए दिल्ली सरकार एक नई व्यवस्था पर काम करने जा रही है। अब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों पर स्ट्रीटलाइट खराब होने पर संबंधित निजी कंपनी की जेब ढीली होगी। प्रस्तावित नई व्यवस्था के तहत स्ट्रीट लाइट बंद रहने के समय को घंटों में गिना जाएगा और जितने घंटे लाइट खराब रहेगी, उसी हिसाब से कंपनी पर प्रति घंटा जुर्माना लगाया जाएगा। इस कड़े कदम का मुख्य उद्देश्य कंपनियों की ढिलाई को खत्म करना और सड़कों पर पसरे रहने वाले अंधेरे से जनता को मुक्ति दिलाना है।

#### भुगतान से पहले कटेगा जुर्माना

इस पूरी योजना के वित्तीय माडल को सतर्कता से तैयार किया जा रहा है ताकि कंपनियां काम के प्रति जवाबदेह रहें। स्ट्रीटलाइट लगाने और उसके पांच साल तक रखरखाव का ठेका लेने वाली कंपनी को पूरा भुगतान एकमुश्त नहीं किया जाएगा।

> कोई भी लाइट बंद होते ही डिजिटल कंट्रोल रूम को आटोमैटिक अलर्ट मिल जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा, 'लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 1440 किलोमीटर लंबी सड़कें आती हैं।

इसके बजाय, सरकार पांच वर्षों की अवधि में कुल 60 मासिक किस्तों में पैसे देगी। हर महीने भुगतान करने से पहले डिजिटल सिस्टम द्वारा दर्ज किए गए जुर्मानों की कुल राशि को उस महीने की किस्त से घटा (समायोजित) दिया जाएगा। यानी जितनी ज्यादा लापरवाही, उतना ही कम भुगतान किया जाएगा।

#### शिकायत का इंतजार नहीं करेगा डिजिटल कंट्रोल रूम

इस व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और तेज बनाने के लिए एक अत्याधुनिक डिजिटल कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम सीधे तौर पर हर एक स्ट्रीटलाइट से जुड़ा होगा। जैसे ही दिल्ली के किसी भी कोने में कोई स्ट्रीटलाइट बंद होगी, उसकी तत्काल सूचना बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सीधे कंट्रोल रूम को मिल जाएगी।

इसके लिए अब आम जनता या विभाग को शिकायत दर्ज कराने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार की योजना इसे पूरी दिल्ली में लागू करने की है। इस योजना के तहत 96 हजार लाइटों पर यह प्रयोग किया जाना है।

#### योजना की मुख्य बातें

जितने घंटे सड़क की लाइट बंद रहेगी, कंपनी को उतने ही घंटों का आर्थिक जुर्माना भुगतना होगा। लाइट लगाने वाली कंपनी को 5 साल तक हर महीने किस्तों में भुगतान किया जाएगा। हर महीने की किस्त जारी होने से पहले उसमें से जुर्माने की कटी हुई राशि को घटाया जाएगा।

कोई भी लाइट बंद होते ही डिजिटल कंट्रोल रूम को आटोमैटिक अलर्ट मिल जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा, 'लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 1440 किलोमीटर लंबी सड़कें आती हैं। जनता की सुरक्षा को देखते हुए इन सड़कों पर रोशनी हमारा पहला कर्तव्य है। इसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

दिल्ली भर में स्ट्रीटलाइटों के लिए नई व्यवस्था लागू की जाएगी। जिन कंपनियों को काम मिलेगा, उन्हें जवाबदेह बनाया जाएगा। जितनी लाइटें बंद रहेंगी उतना ही उन पर प्रति माह के हिसाब से जुर्माना लगेगा, उस जुर्माने को काट कर ही उनका भुगतान होगा।'

### अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा पलट, सब्जी विक्रेता की मौत, दो घायल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित कान्हा कॉम्पलेक्स कट के पास ऑटो रिक्शा पलटने पर तीन सब्जी विक्रेता उसके नीचे दब गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। गंभीर रूप से घायल हुए दिल्ली के हर्ष विहार निवासी सोनू ने जीटीबी अस्पताल में तीन दिन इलाज के बाद 13 जून को दम तोड़ दिया। हादसा 10 जून की सुबह हुआ था। पुलिस ने 19 जून की रात सोनू के भाई अवन कुमार की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की। दर्ज मामले में अवन कुमार ने बताया कि वह मूलरूप से हाथरस के मऊ स्थित चिरावल गांव के रहने वाले हैं और भाई सोने के साथ दिल्ली में सब्जी बेचने का काम करते थे। 10 जून की सुबह 7:30 बजे सोनू अपने दो अन्न सब्जी विक्रेताओं के साथ ऑटो रिक्शा से साहिबाबाद मंडी जा रहे थे। राजेंद्र नगर वाली सड़क पर ऑटो रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में सोनू और उसके साथी घायल हो गए और उनको पुलिस ने दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान 13 जून को उनके भाई की मौत हो गई। बाकी दोनों घायलों की हालत में सुधार है।

### 5.88 करोड़ से होगा 150 फुटा रोड का कायाकल्प

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 जून ।** शालीमार गार्डन के वार्ड-78 और वार्ड-80 क्षेत्र में करीब 5.88 करोड़ रुपये की लागत से 150 फुटा रोड के निर्माण व सौंदर्यीकरण का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल ने किया। परियोजना के तहत रोड को चौड़ा किया जाएगा। सड़क किनारे इंटरलॉकिंग पटरी, फुटपाथ और डिवाइडर का निर्माण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड-78 की पार्षद ओमवती देवी और वार्ड-80 के पार्षद राहुल शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व नागरिक मौजूद रहे।


# स्कॉर्पियो सवार छात्रों ने युवक को डंडों से पीटा, पुलिस ने चंद घंटों में उतारी धौंस

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 जून ।**

साइबर सिटी गुरुग्राम में रोड रेज का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बीबीए के दो छात्रों ने दिनदहाड़े एक शख्स के साथ जमकर मारपीट की और उसकी कार को भी काफी नुकसान पहुंचाया। दोनों छात्र स्कॉर्पियो में सवार थे जबकि पीड़ित शख्स एमजी विंडसर कार में सवार था।

आरोपियों ने शिकायतकर्ता की कार को ओवरटेक करके जबरन बीच रास्ते में रुकवा दिया था। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उन्हें साइड नहीं दी थी। आरोपियों ने डंडों के जरिए शिकायतकर्ता की कार के शीशे चकनाचूर कर दिए। हिंसक हमले और शीशों के टूटने से कार सवार को चोटें लगीं। इस दौरान पीड़ित शख्स लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा मगर किसी ने भी मदद का हाथ आगे नहीं बढ़ाया और आरोपी मौके से बेखौफ निकल गए।





कहासुनी हुई और बाद में वे हिंसक हो गए

विंडसर कार चला रहे शख्स ने रास्ता नहीं दिया तो दोनों छात्र आगबबूला हो गए। इस दौरान दोनों छात्रों की शख्स के साथ कहासुनी हुई और बाद में वे हिंसक हो गए। मामला सोहना रोड और राजीव चौक के बीच का है।

आरोपियों की पहचान पर्थ और पारस के रूप में हुई है और दोनों 22 साल के हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद दोनों छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### शिकायतकर्ता ने खुद बनाया घटना का वीडियो

विंडसर चला रहे शख्स का आरोप है कि छात्रों ने डंडों से पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। शख्स ने इस दौरान अपने ऊपर हुए हमले का वीडियो बना लिया। वीडियो में उन्हें ये कहते हुए सुना जा सकता है कि 'क्यों कर रहे हो ऐसा? ये क्या किया आपने? मेरा मुंह तोड़ दिया।' वहीं एक अन्य वीडियो में पीड़ित ने कहा 'रोड रेज की हदें पार हो चुकी हैं। मैं राजीव चौक जा रहा था और मैंने स्कॉर्पियो को रास्ता नहीं दिया तो उन्होंने डंडों से मेरी गाड़ी पीछे से तोड़ी और फिर आगे से तोड़ी। हमें इन गुंडों के खिलाफ एक्शन लेना होगा।'

**सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल:** सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी सेक्टर 48 में रहते हैं और उनकी स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को स्कॉर्पियो के सामने ही घुटने पर बिठाया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# बाउंसर को युवकों ने सीने पर सटाकर मार गोली, चार पर केस

**लोनी, यूटर्न/ 21 जून ।** बॉर्डर थानाक्षेत्र की अमर कॉलोनी निवासी अरुण कुमार बाउंसर को 19 जून की रात दो दोस्तों ने सीने में गोली मारकर घायल कर दिया। अरुण को गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल में उनके भतीजे ने भर्ती कराया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अरुण के दोस्त प्रिंस व तरुण का कुछ युवकों से विवाद हुआ था और उसी रंजिश में गोली मारी गई है। घायल अरुण के भाई मोनू की तहरीर पर पुलिस ने मोंटी, अक्षय धोती, करण सूद और मन्नू आदि पर शुक्रवार रात प्राथमिकी दर्ज की है। हालांकि अभी आरोपी भागे हुए हैं।

दर्ज मामले में मोनू ने बताया कि उनका भाई अरुण कुमार दिल्ली स्थित क्लब में बाउंसर है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह खाना खाने के बाद अपने दोस्त प्रिंस व तरुण के पास गया। वहां से तीनों अंबेडकर चौक पहुंचे और बातचीत करने लगे। आरोप है कि उसी दौरान दो बाइक पर मोंटी, अक्षय धोती, करण सूद और मन्नू पहुंचे। आरोपी करण सूद ने जान से मारने की नीयत से भाई पर तमंचा तानते हुए सीने में गोली मार दी। इसके बाद आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग गए। प्रिंस और तरुण ने फोन करके वारदात की जानकारी दी। मौके पर उनका भतीजा सौरभ पहुंचा और तुरंत तरुण की बाइक पर बिठाकर जीटीबी अस्पताल ले गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और जांच शुरू की। मोनू ने पुलिस को बताया कि अरुण की किसी से न तो कोई रंजिश थी और न ही झगड़ा। कुछ दिन पहले प्रिंस व तरुण का करण सूद से विवाद हुआ था और उसमें अरुण ने हस्तक्षेप किया था। आरोप है कि इसी वजह से उनके भाई को गोली मारी गई है।



# इश्कनामा है खुद को बेहतर बनाने का मौका : शहनाज गिल

**शहनाज ने बताया कि वह हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स की तलाश में रहती हैं, जो ज्यादा अर्थपूर्ण हों, ताकि उन्हें अभिनय में और अधिक गहराई लाने का मौका मिल सके। शहनाज ने अपनी भूमिका के बारे में बताया, मैं फिल्म में एक पाकिस्तानी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जिसका नाम टोरी है।**

हाल ही में मशहूर अभिनेत्री शहनाज गिल की अपकमिंग फिल्म इश्कनामा का टीजर जारी हो गया है। यह फिल्म एक मार्मिक इंडो-पाक लव स्टोरी पर आधारित है, जिसमें प्यार, जुदाई और सीमाओं के बीच अधूरे रह गए रिश्तों की एक संवेदनशील कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। इश्कनामा की शूटिंग पंजाब और राजस्थान के मनमोहक लोकेशंस पर हुई है, जो कहानी को एक प्रामाणिक पृष्ठभूमि प्रदान करते हैं। चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष इवेंट में टीजर को लॉन्च किया गया, जहां फिल्म से जुड़े कलाकारों ने अपने अनुभवों को साझा किया। अभिनेता सौरभ सचदेवा ने बातचीत करते हुए बताया कि जब उन्हें इस प्रोजेक्ट के लिए पहली बार संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने पहले कभी किसी पंजाबी फिल्म में काम नहीं किया है। हालांकि, फिल्म की कहानी ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वह इस परियोजना से जुड़ने के लिए प्रेरित हुए।

सौरभ ने इसे एक ऐसा अवसर बताया जिसे वह गंवाना नहीं चाहते थे और उन्होंने बिना ज्यादा सोच-विचार के तुरंत इस फिल्म के लिए अपनी सहमति दे दी। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म के सेट पर सभी कलाकार और क्रू मेंबर्स एक-दूसरे के साथ पूरी तरह से खुलकर अपने विचार साझा करते थे। किसी भी सीन या आइडिया पर चर्चा करने की पूरी आजादी थी, जिससे क्रिएटिविटी और भी बेहतर तरीके से सामने आई। इस तरह का सहयोगी और खुला माहौल किसी भी फिल्म को खास बना देता है, क्योंकि इससे कलाकारों को काम करने में आसानी और खुशी दोनों मिलती हैं, जिससे उनका प्रदर्शन भी निखर कर आता है। अभिनेता जय रंधावा ने भी फिल्म की कहानी और शूटिंग के अनुभवों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग पंजाब और राजस्थान जैसे दो अलग-अलग और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्थानों पर की गई है, जिससे कहानी को एक जीवंत और असली जैसा बैकड्रॉप मिला है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक इंडो-पाक लव स्टोरी पर आधारित है और सीमा पार प्यार की गहरी भावना को दशार्ती है। जय ने जोर देकर कहा कि यह कहानी पंजाबी सिनेमा में पहली बार इस तरह के बड़े और अलग दृष्टिकोण के साथ पेश की जा रही है, जो इसे और भी अनूठा बनाता है। इनके अलावा, अभिनेत्री शहनाज गिल ने अपने किरदार और फिल्म को लेकर विचार मीडिया से साझा किए। उन्होंने कहा कि अच्छे और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना हमेशा सीखने का एक अनमोल अवसर प्रदान करता है और ऐसे अनुभव से कलाकार खुद को बेहतर बना पाते हैं।

शहनाज ने बताया कि वह हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स की तलाश में रहती हैं, जो ज्यादा अर्थपूर्ण हों, ताकि उन्हें अभिनय में और अधिक गहराई लाने का मौका मिल सके। शहनाज ने अपनी भूमिका के बारे में बताया, मैं फिल्म में एक पाकिस्तानी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जिसका नाम टोरी है।

वह बहुत ही मजबूत, साहसी और दृढ़ निश्चयी लड़की है, जो अपने प्यार को पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि यह फिल्म बॉर्डरनामा नामक नॉवेल पर आधारित है, जिससे इसकी कहानी में एक साहित्यिक गहराई भी जुड़ जाती है।



## अपूर्वा मुखिजा का विवादित बयान

रिबेल किड के नाम से पहचान बनाने वाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मुखिजा एक बार फिर अपने बेबाक अंदाज और विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर दोबारा वायरल हो रहा है, जिसमें वह मजाकिया अंदाज में कहती नजर आ रही हैं कि यदि उन्हें अच्छा ऑफर मिलेगा तो वह समझौता कर सकती हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि वह किसी छोटे-मोटे रोल के लिए किसी के साथ नहीं सोएंगी, लेकिन यदि कोई दुबई का शेख उन्हें 15 करोड़ रुपये ऑफर करे तो वह इस बारे में सोच सकती हैं। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब इंटरनेट पर कॉमेडियन प्रणीत मोरे के शो और 370 रुपये वाली बिरयानी विवाद को लेकर जमकर बहस छिड़ी हुई है, जिसके चलते हिमांशु जांगड़ा को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी थी। इसी वजह से अपूर्वा की यह क्लिप तेजी से वायरल हो रही है। पुराने वीडियो में अपूर्वा मुखिजा ने यह भी बताया कि एक डायरेक्टर ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें पूरा मामला कुछ सही नहीं लगा, इसलिए सीधा बात करने की जगह उन्होंने अपने मैनेजर का नंबर उसे दे दिया।

## फोटो स्टोरी




अमेरिका के ‘ूस्टन में फीफा विश्वकप फुटबॉल के ग्रेप एफ में नीदरलैंड के कोडी गेकापो गोल दागते हुए।

## वैभव ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकार्ड बनाया


**दांबुला, यूटर्न/ 21 जून ।** भारत ए की ओर से खेलते हुए उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज 2026 के फाइनल मुकाबले में केवल 11 गेंदों पर ही अर्धशतकीय पारी खेलकर लिस्ट-ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक लगाया है। इस मैच में वैभव ने केवल 11 गेंदों में ही सबसे तेज अर्धशतक लगाकर दो दशक पूराना श्रीलंकाई क्रिकेटर कौशल्या वीरारत्ने का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। वीरारत्ने ने साल 2005-06 में 12 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया था।

इस मैच में 15 साल के वैभव ने पहली ही गेंद से ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। वैभव ने पहली गेंद पर ही चौका लगा दिया। इसके बाद तो मैदान पर जमकर चौके और छक्के लगे। वैभव ने पारी के पांचवे ओवर में ही छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, ये कि लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक है ।अब लिस्ट-ए क्रिकेट के सबसे तेज अर्धशतक की सूची में वैभव सूर्यवंशी नंबर एक पर पहुंच गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर श्रीलंका के कौशल्या वीरारत्ने हैं। उन्होंने 12 गेंद में जबकि एनएलटीसी परेरा ने 13 गेंद में अर्धशतक लगाया था। वहीं रयान क्लेनवेल्ट के नाम 14 गेंद में अर्धशतक का रिकार्ड हैं। वैभव ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के अलाव घरेलू क्रिकेट में भी एक नई उपलब्धि हासिल की है ।इससे पहले, लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का भारतीय रिकॉर्ड सरफराज खान के नाम था, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 15 गेंदों में फिफ्टी जमाई थी।



## लोग बहुत जल्दी किसी के बारे में बना लेते हैं रायः माधुरी दीक्षित

अपनी हालिया रिलीज फिल्म मां-बहन को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित चर्चा में हैं। फिल्म में उनके किरदार को समाज की उन धारणाओं का सामना करते हुए दिखाया गया है, जहां महिलाओं को उनके पहनावे और व्यक्तित्व के आधार पर आसानी से जज कर लिया जाता है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी बीच माधुरी ने अपने करियर के शुरूआती दिनों से जुड़ा एक दिलचस्प अनुभव साझा किया है। माधुरी ने बताया कि आज की तरह पहले भी लोगों की राय और टिप्पणियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखा था, तब लोग उनके बेहद पतले होने को लेकर टिप्पणी करते थे। कई लोग कहते थे कि उन्हें कुछ खिलाया जाए क्योंकि वह बहुत दुबली-पतली दिखती हैं। अभिनेत्री के अनुसार, सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को अक्सर बिना वजह आलोचना और टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। माधुरी ने कहा कि लोगों की यह आदत रही है कि वे बहुत जल्दी किसी के बारे में राय बना लेते हैं।



## आकांक्षा ने ग्राम चिकित्सालय-2 में अपने किरदार को लेकर की खुलकर बातें

अपने वेब शो ग्राम चिकित्सालय के दूसरे सीजन की रिलीज को लेकर अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने शो के नए सीजन में अपने किरदार डॉ. गार्गी के सफर को लेकर खुलकर बात की। आकांक्षा ने बताया कि इस बार दर्शकों के लिए क्या खास और नया अनुभव इंतजार कर रहा है। अभिनेत्री ने विस्तार से बताया कि दूसरे सीजन में उनका किरदार गार्गी पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारियों का सामना करता नजर आएगा। इस बार उसे कई कठिन और जटिल फैसले भी लेने पड़ेंगे, जो उसके किरदार को और अधिक गहराई देंगे और कहानी को दर्शकों के लिए और भी दिलचस्प बनाएंगे। इस बारे में बात करते हुए आकांक्षा रंजन कपूर ने कहा, ‘डॉ. गार्गी का किरदार निभाने का सबसे संतोषजनक पहलू यह रहा कि दर्शकों ने उससे गहरा जुड़ाव महसूस किया और उसे भरपूर प्यार दिया। पहले सीजन में गार्गी को एक ईमानदार, सरल और जमीन से जुड़ी हुई महिला के रूप में दिखाया गया था, और मुझे लगता है कि दर्शकों ने उसकी इसी सच्चाई से खुद को जोड़ा। एक अभिनेत्री के रूप में यह देखकर खुशी होती है कि लोगों का यह प्यार और अपनापन दूसरे सीजन में उसके किरदार के और बड़े सफर का हिस्सा बना है।’ उन्होंने आगे कहा, ‘दूसरे सीजन में गार्गी पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारियों का सामना करती नजर आएगी। उसे कई जटिल फैसले लेने पड़ते हैं और ऐसी चुनौतियों से गुजरना पड़ता है, जो उसके सिद्धांतों और विश्वासों की वास्तविक परीक्षा लेती हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे शो का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक है, जो गहराई वाली कहानियां प्रस्तुत करता है और अपने किरदारों को विकसित होने का पूरा अवसर देता है।’ आकांक्षा के मुताबिक, ये नई परतें न केवल उनके अभिनय को और धार देंगी, बल्कि दर्शकों को भी कहानी से और गहराई से जोड़ने में मदद करेंगी। ग्राम चिकित्सालय के पहले सीजन को झारखंड के भाठकांडी गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के यथार्थवादी और संवेदनशील चित्रण के लिए काफी सराहना मिली थी। यह शो ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और एक डॉक्टर के समर्पण को बेहद प्रामाणिक तरीके से दशार्ता है। ग्राम चिकित्सालय का दूसरा सीजन 23 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा, जहां दर्शक डॉ. गार्गी के नए सफर और उसके सामने आने वाली नई चुनौतियों को देख पाएंगे। यह शो निश्चित रूप से एक बार फिर दर्शकों को ग्रामीण भारत की हकीकत से जोड़ने में सफल रहेगा।

# अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी रोकने की अपील: एमनेस्टी

» काबुल, यूटर्न/ 21 जून ।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगान शरणार्थियों को गैर-कानूनी तरीके से निकालने से रोकने की अपील की है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के मुताबिक उनकी जरूरतों की रक्षा करने को कहा है।

मानवाधिकार समूह ने कहा कि अफगान शरणार्थी को होस्ट देशों में मनमानी गिरफ्तारी और परिवार से अलग होने का सामना करना पड़ता है और जब वे अफगानिस्तान लौटते हैं तो उन्हें मानवाधिकारों के उल्लंघन का भी सामना करना पड़ता है। एमनेस्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



एक्स पर लिखा, 'दुनिया भर में लाखों अफगान शरणार्थी को निकाला जा रहा है और यह संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। होस्ट देशों में, उन्हें मनमानी गिरफ्तारी और परिवार से अलग होने का सामना करना पड़ रहा है; लौटने पर, उन्हें दुनिया के सबसे गंभीर मानवीय संकटों में से एक के बीच मानवाधिकार के उल्लंघन का सामना करना पड़ रहा है।' इसमें आगे कहा गया, 'अफगान लोगों को गैर-कानूनी तरीके से निकालना बंद होना चाहिए और जिन लोगों को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है, उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के हिसाब से सुरक्षित रखा जाना चाहिए।'

एजेंसी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां पड़ोसी देशों से अफगान शरणार्थियों को देश से निकालने में बढ़ोतरी की रिपोर्ट कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचआरसी) और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बार-बार कहा है कि अफगान शरणार्थियों की वापसी सुरक्षित और सम्मानजनक होनी चाहिए और लौटने वालों के लिए ज्यादा अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मांग की है। मई की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के उच्चायुक्त, वोल्कर टर्क ने अफगान शरणार्थियों और शरण चाहने वालों को होस्ट देशों से अफगानिस्तान में लगातार जबरदस्ती वापस भेजने के खिलाफ चेतावनी दी थी और इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और शरणार्थी कानून का उल्लंघन बताया था। उन्होंने कहा, 'अफगान महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को उन देशों से बाहर निकाला जा रहा है जहां वे सुरक्षा चाहते थे, जिससे उन्हें अपनी मर्जी के खिलाफ अफगानिस्तान लौटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और वे गंभीर खतरे में पड़ रहे हैं।'



## ईरान को अरबों डॉलर देने, अमेरिका-कतर बना रहे योजना

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 21 जून ।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बाद, दोनों देशों के रिश्तों में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और कतर मिलकर एक ऐसी व्यवस्था तैयार कर रहे हैं जिसके तहत ईरान को विदेशों में फंसी अपनी अरबों डॉलर की संपत्ति तक सीमित पहुंच प्रदान की जा सकती है। यह पहल दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और मानवीय सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

इस योजना की शुरूआत कतर में जमा ईरान के 6 अरब डॉलर से होने की संभावना है। प्लान के मुताबिक, ईरान इस राशि का सीधा नकद के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। इसके बजाय, वह इस फंड का उपयोग केवल भोजन, दवाइयों और अन्य मानवीय आवश्यकताओं के सामान की खरीद के लिए कर सकेगा। भुगतान कतर की निगरानी में होगा और इस पूरी प्रक्रिया पर अमेरिका कड़ी नजर रखेगा ताकि फंड का दुरुपयोग न हो।

अनुमान है कि प्रतिबंधों के कारण दुनिया के विभिन्न देशों में ईरान के लगभग 100 अरब डॉलर फंसे हुए हैं। इनमें चीन, भारत, इराक और कतर जैसे देशों में तेल बिक्री से प्राप्त आय की रकम भी शामिल है। ईरान लंबे समय से इनमें से कम से कम 24 अरब डॉलर जल्द जारी करने की मांग कर रहा है।

# तकनीकी खराबी के बाद वाहन पलटा हादसे में पांच लोगों की मौत, सात घायल

□ प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ इसरार के अनुसार, यह हादसा सैयदाबाद जिले में हुआ था। मरने वालों में एक मां, उसका बच्चा और दो अन्य महिलाएं शामिल थीं।

» काबुल, यूटर्न/ 21 जून ।



पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में शनिवार को कोही साफी जिले के मंदीकोल इलाके में एक वाहन के पलटने से पांच यात्रियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय पुलिस अधिकारी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि वाहन में तकनीकी खराबी आने की आशंका है, जिसके कारण वह सड़क से उतरकर पलट गया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए।

प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता फजल रहीम मुस्केनयार ने बताया कि घायलों को काबुल के अस्पतालों में भेजा गया है।

इससे पहले 15 जून को पूर्वी अफगानिस्तान के वर्दक प्रांत में भी एक मिनी बस के पलटने से एक बच्चे समेत चार यात्रियों की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ इसरार के अनुसार, यह हादसा सैयदाबाद जिले में हुआ था। मरने वालों में एक मां, उसका बच्चा और दो अन्य महिलाएं शामिल थीं। चार अन्य लोग घायल हुए थे, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई गई थी। इसी तरह का एक और सड़क हादसा कुनार प्रांत में हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और चार लोग घायल हुए थे। 30 मई को भी एक बड़ा हादसा हुआ था। पाकिस्तान से लौटे अफगान प्रवासियों को ले जा रहा एक ट्रक पलट गया था, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में 10 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

यह हादसा अफगानिस्तान के पूर्वी लघमान प्रांत में एक राजमार्ग पर हुआ था।

अमू टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, लगमान में तालिबान के ट्रैफिक निदेशक हबीबुल्लाह मुबारिज ने बताया कि यह घटना लगमान प्रांत के करघई जिले में मुख्य काबुल-जलालाबाद हाईवे पर सुरखकानू चौराहे के पास हुई।

तालिबान के आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि सभी पीड़ित अफगान प्रवासी थे जो हाल ही में पाकिस्तान से लौटे थे। उन्हें अस्थायी रूप से कुनार प्रांत में रखा गया था और बाद में काबुल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में ट्रक पलट गया। लगमान में तालिबान गवर्नर कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### कीर स्टार्मर सोमवार को दे सकते हैं इस्तीफा

**लंदन, यूटर्न/ 21 जून ।** ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने के संकेत मिल रहे हैं, जहां लेबर पार्टी के भीतर बढ़ते भारी विरोध और असंतोष के बाद प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के सोमवार को अपने पद से इस्तीफा देने की तीव्र आशंका जताई जा रही है। ब्रिटिश समाचार पत्र 'द ऑब्जर्वर' की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, श्री स्टार्मर सोमवार को अपने पद से हटने और नये नेतृत्व के चुनाव के लिए एक औपचारिक समय-सीमा की घोषणा कर सकते हैं। सरकारी सूत्रों और प्रधानमंत्री के करीबियों का कहना है कि श्री स्टार्मर का पूरा ध्यान अभी भी देश के शासन पर केंद्रित है, लेकिन उनके राजनीतिक भविष्य पर संकट के बादल लगातार गहरे होते जा रहे हैं।

### हमास और इस्लामिक जिहाद के दो आतंकी ढेर: इजरायली सेना

**तेलअवीव, यूटर्न/ 21 जून ।** इजरायली सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई में हमास के सैन्य विंग और इस्लामिक जिहाद के दो मुख्य आतंकवादियों हुसैन कादरा और मोहम्मद फर्रा को ढेर कर दिया है। इजरायली सेना के सोशल मीडिया पर रविवार को यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया कि ये दोनों आतंकी संगठन के उस वित्तीय नेटवर्क को संचालित कर रहे थे, जिसके जरिए गाजा और तुर्की के रास्ते हमास के सैन्य विंग को करोड़ों रुपये की फंडिंग की जा रही थी। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, हुसैन कादरा ने मोहम्मद फर्रा के साथ मिलकर हमास नेतृत्व के सीधे निर्देश पर एक बड़ा वित्तीय नेटवर्क खड़ा किया था। इस नेटवर्क के तहत तुर्की और गाजा में दर्जनों मनी एक्सचेंजर्स और कोरियरों का एक जाल बिछाया गया था। इस रास्ते से हमास के सैन्य विंग को 50 करोड़ से अधिक इजरायली शेकेल भेजे जाने की पुष्टि हुई है।

# जापान में बारिश भी नहीं रोक सकी योग का उत्साह, 2100 लोग जुटे

» दुबई, यूटर्न/ 21 जून ।



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर विश्वभर में उत्साह, ऊर्जा और सामुदायिक सहभागिता के साथ योगोत्सव मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' (योग फॉर हेल्दी एजिंग) रही, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ, संतुलित और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दुनिया के पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक योग साधना में जुटे लोग दिखे।

यूएई की राजधानी दुबई में कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने पुलिस के सहयोग से दुबई पुलिस ऑफिसर्स क्लब में विशेष योग सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में मेजर जनरल मोहम्मद इस्सा अल अधब की गरिमामयी उपस्थिति रही। दुबई पुलिस कर्मियों, योग साधकों, विद्यार्थियों और समुदाय के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। दुबई पुलिस बैंड की विशेष प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

इसी प्रकार, स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा के प्रतिष्ठित ''वने नामेस्तिए'' में आयोजित समारोह में स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर भारत की स्लोवाक गणराज्य में राजदूत अपूर्वा श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और अपने परिवार और मित्रों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जापान में त्सुकिजी होंगन-जी टेंपल में आयोजित योग कार्यक्रम में 2,100 से अधिक योग प्रेमियों ने भाग लिया। बारिश के बावजूद 'योग साथ-साथ, बारिश हो या धूप' के उत्साहपूर्ण संदेश के साथ प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। पूरे आयोजन स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह और मुस्कान का वातावरण देखने को मिला।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुनिया भर में लगभग 2,500 स्थानों पर 210 से अधिक भारतीय मिशनों ने योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वैश्विक उत्सव का मुख्य आयोजन कोलकाता के प्रतिष्ठित रेड रोड पर हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि पूरा विश्व योग के माध्यम से एक सूत्र में बंधा हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, 'योग ने सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे जाकर पूरी मानवता को जोड़ने का कार्य किया है। हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक योग की ऊर्जा देखने को मिल रही है।'

# ऑस्ट्रेलिया में मिला एच5 बर्ड फ्लू, दुनिया के सभी महाद्वीप इसकी चपेट में

» सिडनी, यूटर्न/ 21 जून ।



ऑस्ट्रेलिया में पहली बार एच5 बर्ड फ्लू वायरल की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही यह वायरस अब दुनिया के सभी महाद्वीपों में पहुंच चुका है। ऑस्ट्रेलिया की कृषि मंत्री जूली कॉलिन्स ने इसकी जानकारी शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के एक दूरदराज इलाके में प्रवासी समुद्री पक्षी ब्राउन स्कुआ में एच5 बर्ड फ्लू पाया गया है। इसकी पुष्टि देश की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी ने की है। इसके अलावा एक बीमार जायंट पेट्रेल पक्षी के सैंपल में संक्रमण की आशंका जताई गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ही दुनिया का एकमात्र महाद्वीप था, जहां एच5 बर्ड फ्लू स्ट्रेन नहीं मिला था। यह वायरस मुर्गियों और जंगली पक्षियों में तेजी से फैलता है और बड़ी संख्या में उनकी मौत का कारण बन सकता है। मामले को देखते हुए पशु स्वास्थ्य और कृषि अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। इसमें वायरस के फैलाव को रोकने और राष्ट्रीय स्तर पर जवाबी रणनीति पर चर्चा की गई। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि यह चिंता की बात है। सरकार वायरस के फैलाव को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि यह संक्रमण प्रवासी पक्षियों के जरिए यहां पहुंचा है। दुनिया के कई देशों में ऐसा हो चुका है और इसी वजह से हम पहले से तैयारी कर रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने बताया था कि एच5 बर्ड फ्लू के कारण उप-अंटार्कटिक क्षेत्र के एक ज्वालामुखीय द्वीप पर स्थित हाथी सील की एक प्रजनन कॉलोनी में 13 हजार से ज्यादा सील के बच्चों की मौत हो चुकी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *